तकनीकी शब्दों की शब्दावली

क्रम. सं.	तकनीकी शब्द	अर्थ
1	आटो सैम्पलर	आटो सैम्पलर वह सैम्पलर हैं जो टरबाइन मीटरों के डाउन स्ट्रीम में इनलाइन संस्थापित करता हैं ताकि नियमित अन्तरालों पर तरल नमूने एकत्र किए जा सकें। ऐसे एकत्र किए गए नमूने प्रयोगशाला में जांच किए जाते हैं ताकि कच्चे तेल में जल घटक का पता लगाया जा सके।
2	बीएस एवं डब्ल्यू	मूल अवसाद और जल के लिए संकेताक्षर है। बीएसएवंडब्ल्यू उत्पादन स्ट्रीम के एक तरल नमूने से मापा जाता है। इसमें मुक्त जल, अवसाद और इमल्शन शामिल है और इसे उत्पादन स्ट्रीम की मात्रा प्रतिशतता के रूप में मापा जाता है।
3	कंडेंसेट	प्राकृतिक गैस के साथ उत्पादित तरल हाइड्रोकार्बन जिसे कूलिंग और अन्य साघनों से पृथक किया जाता है।
4	डिमलसिफायर	डिमलसिफायर एक रसायन है जिसका उपयोग तेल से पानी अलग करने के लिए हीटर ट्रीटर में किया जाता है।
5	प्रवाह उपचार संयंत्र	प्रदूषण नियंत्रण प्रतिमानों के अनुसार प्रवाहों के निपटान से पूर्व जीजीएस/सीटीएफ अधिष्ठापन से प्राप्त प्रवाह को संसाधित करना। महत्वपूर्ण उपकरण पम्प और टैंक हैं।
6	इमल्शन	कच्चा तेल है जिसमें पानी शामिल हैं।
7	मुक्त जल	एक बार कुएं का द्रव्य स्थैतिक हो जाता है तो तेल के साथ उत्पादित जल जो सामान्यतया बैठ जाता है।
8	हीटर ट्रीटर	हीटर ट्रीटर कच्चे तेल से इमल्सीफाइड तरल और ठोस को हटाता है और वोलेटाइल वेपर को फ्लेश करने के लिए हीट और प्रेशर ड्राप भी प्रयोग करता है।
9	मानव मशीन इंटरफेस (एचएमआई)	एचएमआई इलैक्ट्रानिक लिक्विड मापन प्रणाली के भाग के रूप में तीसरा उपकरण है। यह एक फ्लो कम्पयूटर है जो प्राथमिक उपकरण (टरबाइन मीटर) से सूचना प्राप्त करता हैं और माध्यमिक उपकरणों जो ताप, प्रेशर और घनत्व को मापती है। प्रोग्राम निर्देशों का प्रयोग करते हुए यह टरबाइन मीटर के माध्यम से बहते तरल की मात्रा की गणना करता है।
10	हाइड्रोकार्बन	हाइड्रोजन और कार्बन परमाणु के मिश्रण का कार्बनिक रसायन मिश्रण है। ऐसे मिश्रणों की बडी संख्या है और यह सभी पेट्रोलियम उत्पादों का आधार बनते है। यह गैस, द्रव्य या ठोस के रूप में मौजूद हो सकते हैं। प्रत्येक का एक उदाहरण है मीथेन, हेक्सेन और एसफाल्ट।
11	आईसीई एसएपी-ईआरपी	उद्यम संसाधन योजना अर्थात-एसएपी प्रणाली और अन्य आईटी प्रयासो के कार्यान्वयन के माध्यम से दक्षता हेतु सूचना एकत्रण।
12	न्यू एक्सप्लोरेशन लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी)	एनईएलपी का गठन भारत सरकार द्वारा 1997-98 में, अन्वेषण क्षेत्रफल देने के लिए समान शर्तो पर प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए सभी पार्टियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए किया गया था। यह देश में विभिन्न ब्लाकों जिसमें गहरे पानी के क्षेत्रफल शामिल है में हाइड्रोकार्बन अन्वेषण की गति को बढाने के लिए प्रतिस्पर्थी बोलियों के लिए प्रस्तावित था।
13	आफ गैस	आफ गैस कच्चे तेल में घुली गैस है जिसे कच्चे तेल की स्थायीकरण प्रक्रिया के दौरान अलग किया जाता है।

14	निष्पादन ठेका	निष्पादन ठेका एक वार्षिक ठेका है जो संबंधित निदेशक के साथ नीतिगत व्यवसाय यूनिट (एसबीयू) के प्रमुख द्वारा हस्ताक्षर किया जाता है। एसबीयू का निष्पादन मूल्यांकन मुख्य निष्पादन संकेतकों के लिए निर्धारित लक्ष्य की तुलना में वास्तविक उपलब्धि के आधार पर किया जाता है। ओएनजीसी और एमओजीएनजी द्वारा हस्ताक्षर एमओयू के मूल्याकंन के लिए अनुसरण की गई कार्यप्रणाली इस उद्देश्य के लिए अपनाई गई थी।
15	पेट्रोलियम	अपनी प्राकृतिक स्थिति में मौजूद कच्चे तेल और/या प्राकृतिक गैस जो हीलियम को छोडकर पेट्रोलियम या शेल के साथ मिल कर उत्पन्न होती है।
16	पिट आयल	अन्वेषणात्मक कुओं से तुरन्त उत्पादन प्राप्ति के प्रयास में ऐसे कुओं को प्रारंभिक जांच के दौरान कई बार कुए के स्थलों पर शिफ्ट पिट बना कर बहाया जाता है। प्रवाह से प्राप्त तेल को कई बार प्राप्ति से पूर्व वाश टैंकों में रखा जाता है। इसके अलावा अधिक स्टाक की अवधि के दौरान, रिफाइनरियों के कम निकास के कारण, अधिक तेल का उपलब्ध भंडारण जैसे वाश टैंक/प्रवाह टैंकों में भंडार किया जाता है।, वह तेल जो कच्चे तेल टैंक में भंडार नहीं किया जाता है और एसेट के टैंक स्टाक स्टेटमेन्ट में नहीं आता को पिट आयल कहा जाता है।
17	रिजर्व अनुवृद्धि	मौजूदा रिजर्व में हाइड्रोकार्बन रिजर्व का जोड।
18	जलाशय	एक प्राकृतिक रूप से बना पेट्रोलियम का पृथक संचयन
19	रिग	कुएं के सुराख की ड्रिलिंग के लिए प्रयुक्त, यह एक उपकरण था। कई प्रकार के अपतट रिग हैं जैसे जैक अप रिग, फ्लोटर्स, मोडयूलर रिग इत्यादि। आनलैंड में, दो प्रकार के रिग हैं अर्थात मोबाइल रिग और हाई फ्लोर मास्ट/उप संरचना प्रकार के रिग।
20	टरबाइन मीटर	टरबाइन मीटर इलैक्ट्रानिक लिक्विड मेजरमेंट प्रणाली का एक प्राथमिक उपकरण है। परिचालन में आवर्ती ब्लेड, लिक्विड फलों रेट से फ्रिक्वेंसी सिग्नल अनुपात का सृजन करते हैं जो मेगनेटिक पिक अप द्वारा अनुभव किए जाते हैं और रियल टाइम संकेतक को हस्तांतरित होता है।
21	कुआं	एक बोरहोल जो पैट्रोलियम परिचालनों के दौरान ड्रिलिंग द्वारा बनाया जाता है किन्तु इसमें एक भूकंपीय शोट होल शामिल नहीं है।
22	गीला कच्चा तेल	गीला कच्चा तेल एक आंशिक रूप से स्थायीकृत कच्चा तेल है जिसमें कच्चा तेल, पानी और घुलनशील गैस है।